9. The only evidence led by the 2nd Party-workman in support her claim is her oral statement in which she has stated that she was working in the Central Warehousing Corporation, Cuttack since 1995 as a casual labourer. The 1st Party-Management has refused her engagement from the month of February, 2004. She was getting her wages at the rate of Rs. 50/- per day at the end of each month. The 1st Party-Management used to deduct wages on holidays. She has given some contradictory statement controverting her oral evidence. In her examination-in-chief she has stated that she was receiving wages without putting any signature on the voucher, but in her cross examination she has stated that she was receiving wages by signing in the wage register. On the other hand, the Management Witness No. 1 Gopal Chandra Giri has stated that the 2nd party-workman was not engaged by him or by the Management but she was engaged under the 1st Party-Management as a casual labourer through the contractor. The contractor used to engage her whenever necessary and pay the wages to her. The onus to prove that the 2nd Party-workman was engaged by the 1st Party-Management lies on the workman herself, but the 2nd Party-workman, where her appointment is denied by the 1st Party-Management, has not filed any documentary evidence in support of her contention. She has stated in her cross examination that the documents relating to her appointment have been damaged in the super cyclone. But her statement cannot be relied upon without any supporting evidence. She would have summoned those documents from the 1st Party-Management, if there were any such documents regarding her appointment. But no effort in this regard has been made. Admittedly the 2nd Party-workman was engaged as a casual labourer, taken to be employed by the 1st Party-Management for the sake of argument, but in that case also she has got no statutory right for future employment under the 1st Party-Management. If she had worked for 240 days continuously within a period of 12 calendar months preceding the date of her termination she would have been entitled to the benefit of provisions of Section 25-F of the Industrial Disputes Act, but her evidence in this regard is also lacking. Mere oral statement does not suffice for grant of benefit either for reinstatement or for grant of benefit under section 25-F of the Industrial Disputes Act. The stand of the 1st Party-Management is that she was used to be engaged by the contractor. Although this stand cannot be taken as granted in absence of proper supporting evidence, yet since the burden to prove her case solely lies on the shoulders of the 2nd Party-Workman her claim does not stand proved evaluating the oral evidence adduced by her. It was for the 2nd Party-workman to prove that she was engaged by the 1st Party-Management but she has failed to establish this fact in her favour. Hence, it cannot be said that the Central Warehouse Corporation is the employer of the 2nd Party-workman Smt. Kanchan Mallick and accordingly the 1st Party-Management cannot be held responsible for termination of her service with effect from either 4.3.2005 or 10.2.2007. The action of the 1st Party-Management in disengaging her from service is consequently held to be legal and justified. Issue No. 1 is accordingly decided in the negative and Issue No. 2 is decided in the affirmative, both against the 2nd Party-workman.

ISSUE NO. 3

10. In view of the findings recorded above the 2nd Party-Workman is not entitled to any relief whatsoever claimed.

11. Reference is answered accordingly.

Dictated & Corrected by me.

J. SRIVASTAVA, Presiding Officer

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 2011

का॰ आ॰ 3663.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार जनरल मैनेजर, टेलीकॉम डिपार्टमेंट के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, लखनऊ के पंचाट (संदर्भ संख्या 161/2001) को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 24-11-2011 को प्राप्त हुआ था।

[सं॰ एल॰-40012/87/2001-आई आर (डी यू)]

जोहन तोपनो, अवर सचिव

New Delhi, the 24th November, 2011

S.O. 3663.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 161/2001) of the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court, Lucknow as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of General Manager, Telecom Deptt. and their workman, which was received by the Central Government on 24.11.2011.

[No. L-40012/87/2001-IR(DU)]

JOHAN TOPNO, Under Secy.

ANNEXURE

CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, LUCKNOW

PRESENT

DR. MANJU NIGAM PRESIDING OFFICER

I.D. No. 161/2001
Ref. No. L-40012/87/2001-IR(DU), dated 11.9.2001

BETWEEN

Shri Ram Lakhan S/o Sh. Ayodhya
R/o Village-Balepur
PO-Sanehi
Thana-Bhadokhara
Distt.-Lucknow

AND

1. The General Manager
   Telecom Deptt.
   O/o General Manager
   Gandhi Bhawan, Lucknow-226 001 (UP)
2. The Telecom District Engineer
   O/o the Telecom District Manager
   Distt. Raebareli-229 001

AWARD

1. By order No. L-40012/87/2001-IR (DU) dated: 11.9.2001 the Central Government in the Ministry of Labour, New Delhi in exercise of powers conferred by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) referred this industrial dispute between Shri Ram Lakhan S/o Sh. Ayodhya, R/o Village-Balepur, PO-Sanehi, Thana-Bhadokhara, Distt.-Lucknow and the General Manager, Telecom Deptt., O/o General Manager, Gandhi Bhawan, Lucknow & the Telecom District Engineer, O/o the Telecom District Manager, Raebareli for adjudication.

2. The reference under adjudication is:

"Whether the action of the management of Telecom, Lucknow in terminating the services to Ram Lakhan *vide* order dated 14.9.99 was legal and justified? If not, what relief the workman is entitled to?"

3. The case of the workman, Ram Lakhan, in brief, is that he was employed under Divisional Engineer, Telecom, Raibareli on the post of security guard on 7.2.1999 without any appointment letter and worked as such till 14.9.1999 when his services has been terminated without any notice or retrenchment compensation in violation to the provisions contained in Section 25 F of the Industrial Disputes Act, 1947 in spite of the fact he worked for about 200 days in total, excluding 52 weekly and 15 national holidays. It is submitted by the workman that during his service period he put his attendance on the attendance register and was paid on Muster Roll Sheet and also that he was never given any proof regarding salary. It has been alleged by the workman that the management retained workmen junior to him as employed some other new persons also in violation to the provisions contained in Section 25 G & H of the Act. Accordingly, the workman has prayed that his termination order be set aside and he be reinstated with consequential benefits including back wages.

4. The opposite party has filed its written statement, denying the claim of the workman; wherein it has submitted that the workman was never engaged by it, as such, there arises no question of termination or violation of any of the provisions of I.D. Act. Moreover, it has submitted that the workman was the employee of M/s Security and Protection Services, Varanasi. It has been submitted by the management that the workman never received any payment towards salary from the department directly; rather the management, as per terms of the contract, had always paid for the watch and ward services rendered by M/s Security and Protection Services, Varanasi and in no point of time any payment was made to the workman by the management in lieu of his any services. The management has specifically submitted that the workman was admittedly deployed by the M/s Security and Protection Services, Varanasi as one

of its several watchman, which did not create any lien in favour of the workman against the management, furthermore, the contract in between the management and M/s Security and Protection Services, Varanasi came to an end on 05.03.99. Accordingly, the managements has prayed that the claim of the workman be rejected without any relief to him.

4. The workman has filed its rejoinder; wherein he has not brought any new fact apart from reiterating the averments already made by him in his statement of claim.

5. The workman has filed photocopy of attendance register for the period of his alleged engagement; whereas the management has filed copy of letter of M/s Security and Protection Services, Varanasi and copy of contract between the management and M/s Security and Protection Services, Varanasi.

6. After completion of pleading on behlaf of the parties, following issues were framed:

1. Whether the workman, Ram Lakhan was appointed by the opposite party as alleged in para 1 of the claim?

2. Whether there was relationship of employer and employee between Ram Lakhan and the opposite party?

After framing the issues, 17.07.2003 was fixed for parties' evidence. On 17.07.2003, the parties sought time and 01.08.2003 was fixed for same purpose. When evidence could not be filed on 01.08.2003 and 03.09.2003, the case was ordered to proceed ex-parte against the management *vide* order dated 03.09.2003, which was recalled *vide* order dated 02.06.2004 and 26.07.2004 was fixed for evidence. Thereafter, numbers of dates were fixed, in time span of about five years; but the workman did not bother to adduce any evidence in support of his claim, accordingly the case was ordered to proceed ex-parte against the woman *vide* order dated 21.05.2009 and 07.08.2009 was fixed for management's evidence. The management also refrained to file any evidence on 07.08.2009 and 11.09.2009; which led to ex-parte orders *vide* dated 11.09.2009, against the management and 13.10.2009 was fixed for arguments. None turned up on 13.10.2009 to forward its arguments. The management again did not turn up on 16.12.2009, 19.02.2010, 23.04.2010, 16.06.2010, 30.07.2010, 10.09.2010, 15.10.2010, 24.11.2010 30.12.2010, 14.2.2011, 31.3.2011, 30.5.2011, 07.07.2011, 05.09.2011 and 25.10.2011; whereas the authorized representative of the workman appeared on 23.04.2010 only. The workman's representative who was present on 23.04.2010 and took part in the proceedings did not make any effort to get the ex-parte order, against the workman, recalled and file its evidence. Accordingly, keeping in view long pendency of the case and reluctance of the parties the case was reserved for award.

7. It was the case of the workman that he has been employed as security guard on 07.02.1999 and worked as such till 14.09.1999 when his services has been terminated without any notice or retrenchment compensation in violation to the provisions contained in Section 25 F of the Industrial Disputes Act, 1947 in spite of the fact he worked for more than 200 days, excluding weekly and national holidays; and for more than 240 days in the year preceding his termination. Also, he has neither been given any appointment nor any termination letter and that he put his attendance on the attendance register and was paid on Muster Roll Sheet and also that he was never given any proof regarding salary. The workman has filed photocopy of attendance register; but has neither filed its originial not has summoned the same from the management. He has also not entered the witness box to substantiate his version.

8. Per contra, the management of the telecom has disputed the claim of the workman and has submitted that the workman was the employee of M/s Security and Protection Services, Varanasi and as per terms of the contract, had always paid for the watch and ward services rendered by M/s Security and Protection Services, Varanasi and in no point of time any payment was made to the workman by the management in lieu of this any services. The contract between management and M/s Security and Protection Services, Varanasi expired on 05.03.1999. The management has field photocopy of number of documents to support its version; but has not proved them through oral evidence.

9. I have scanned entire, evidence on record. The workman *vide* para 13 of his statement of claim has prayed that his termination be set aside for non-compliance of provisions of Section 25 F of the I.D. Act; but for this, it is incumbent upon the workman to lead an evidence to the effect that he actually worked for 240 days in the year preceding his alleged termination as observed by Hon'ble Apex Court in (2002) 3 SCC 25 Range Forest Officer vs. S.T. Hadimani. Further, the workman has prayed that he be reinstated with consequential benefits, which is not permissible in light of latest pronouncements of Hon'ble High Court & Apex Court that in case it is held that the services of a workman were terminated in violation of provision of Section 25 F, the workman shall be entitled to compensation only, instead of reinstatement.

10. It is well settled that if a party challenges the legality of order, the burden lies upon him to provide illegality of the order and if no evidence is produced by the party, invoking jurisdiction of the court, must fail. In the present case burden was on the workman to set out the grounds to challenge the validity of the order dated 14.09.99 of the management; whereby the services of the workman was terminated; and to prove that the action of the

management in terminating his services was illegal. It was the case of the workman that his services have been terminated, illegally; without complying provisions of Section 25 F of the I.D. Act, 1947. This claim has been denied by the management; therefore, it was for the workman to lead evidence to show that services have been terminated, by the management; without complying mandatory provisions of the I.D. Act.

11. In 2008 (118) FLR 1164 M/s. Uptron Powertronics Employees' Union, Ghaziabad through its Secretary *vs.* Presiding Officer, Labour Court (II), Ghaziabad & others, Hon'ble High Court relied upon the law settled by the Apex Court in 1979 (39) FLR 70 (SC) Sanker Chakravarti *vs.* Britannia Biscut Co. Ltd., 1979 (39) FLR 70 (SC), V.K. Raj Industries *v.* Labour Court and others, 1984 (49) FLR 38 Airtech Private Limited *v.* State of U.P. and others and 1996 (74) FLR 2004 (Alld.) Meritech India Ltd. *v.* State of U.P. and others; wherein it was observed by the Apex Court:

> ***"that in absence of any evidence led by or on behalf of the workman the reference is bound to be answered by the Court against the workman. In such a situation it is not necessary for the employers to lead any evidence at all. The obligation of lead evidence to establish an allegation made by a party is on the party making the allegation. The test would be, who would fail if no evidence is led."***

12. In the present case the workman has not turned to substantiate his case by way of filing any oral evidence. Merely pleadings are no substitute for proof. It was obligatory on the part of workman to come forward with the case that the workman's services have been terminated, illegally; without complying provisions of Section 25 F of the I.D. Act, 1947; but the workman failed to forward any evidence in support of its claim, as it did not turn up for filing its evidence before this Tribunal. There is no reliable material for recording findings that the alleged injustice was done to the workman or the action of the management of Telecom, Lucknow in terminating the services of Ram Lakhan *vide* order dated 14.9.99 was illegal and unjustfied.

13. Accordingly, the reference is adjudicated against the workman; and as such, I come to the conclusion that the workman, Ram Lakhan is not entitled to any of the relief (s) claimed by him.

14. Award as above.

LUCKNOW, 9-11-2011 Dr. MANJU NIGAM, Presiding Officer

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 2011

का॰ आ॰ 3664.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार ईण्डोस रसीयन एवियेसन लिमिटेड एवं के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, मुम्बई नं॰-2 के पंचाट (संदर्भ संख्या16/2008) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 4-11-2011 को प्राप्त हुआ था।

[(सं॰ एल-11012/78/2007-आई आर (सी-I)]

डी॰एस॰एस॰ श्रीनिवास राव, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 24th November, 2011

S.O. 3664.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act 1947, the Central Government hereby publishes the award (Ref. No. 16/2008) of the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court-2, MUMBAI, as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M/s. INDO RUSSIAN AVIATION LTD. and their workman, which was received by the Central Government on 24.11.2011.

[No. L-11012/78/2007-IR (C-I)]

D.S.S. SRINIVASA RAO, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 2, MUMBAI

PRESENT

K.B. KATAKE

Presiding Officer

REFERENCE NO. CGIT-2/16 OF 2008

EMPLOYERS IN RELATION TO THE MANAGEMENT OF M/S. INDO-RUSSIAN AVIATION LTD.

The Chief Executive Officer
M/s. Indo-Russian Aviation Ltd.
C/o. HAL,
Administration Building
Ojhar Township
Nashik (MS)-422 207.

AND

THEIR WORKMEN.
Shri Devdas Patnaik
Prakurti Park Housing Society
Row House No. 3
(Behind Shanthinath Marble & Granites)
Near Jatra Hotel
Adgaon Shivar
Mumbai Agra Highway
Panchavati Nashik
Nashik (MS).

APPEARANCES:

For The Employer: Mr. E. Asokan, Advocate.

For The Workmen: Mr. J.H. Sawant, Advocate.

Mumbai, dated the 18th October, 2011.

AWARD

The Government of India, Ministry of Labour & Employment by its Order No. L-11012/78/2007-IR (CM-I), dated 21.02.2008 in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) and sub-section 2 (A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 have referred the following industrial dispute to this Tribunal for adjudication:

"Whether the action of the management of Indo-Russian Aviation Ltd., Nashik in dismissing the services of Shri Devdas Patnaik w.e.f. 21.06.2007 is justified and legal? If not, to what relief is the concerned workman entitled?"

2. After receipt of the reference, both the parties were served with the notices of the reference. The second party workman appeared through his legal representative and filed his statement of claim at Ex-5. The management resisted the statement of claim *vide* its written statement at Ex-7.

3. My ID Predecessor has framed the issues at Ex-10. The matter was adjourned for evidence of the workman. However instead of leading evidence, the workman has filed purshis at Ex-13 through his advocate. By this purshis, the workman submitted that he do not want to pursue the case and requested to dispose of the reference as not pressed. As the workman did not press the reference, the said is dismissed of for want of prosecution. Thus I pass the following order:

ORDER

The reference is dismissed for want of prosecution.

K.B. KATAKE, Presiding Officer

Dated 18-10-2011.

नई दिल्ली, 24, नवम्बर, 2011

का॰ आ॰3665.—औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार मैसर्स एल आई सी आंफ इंडिया अजमेर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण/श्रम न्यायलय, बंगलौर के पंचाट (संदर्भ संख्या 03/2007) को

प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार 23-11-11 को प्राप्त हुआ था।

[फाइल सं॰ एल-17011/2/2006-आई आर (एम)]

जोहन तोपनो, अवर सचिव

New Delhi, 24th November, 2011

S.O. 3665.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947, (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 03/07) of the Central Government Industrial Tribunal/Labour Court, AJMER.... now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of LIC of India (Ajmer) and their workman, which was received by the Central Government on 24.11.2011.

[F. No. L-17011/2/2006-IR (M)]

JOHAN TOPNO, Under Secy.

अनुबन्ध

श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण, अजमेर

पीठासीन अधिकारी—श्री मनोज कुमार व्यास, आरएचजेएस

प्रकरण संख्या —सी॰आई॰टी (आर॰) 03-07 दिनांक 1-03-2007

रेफरेंस संख्या एल 17011/2/2006-आई आर (एम) दिनांक 1-02-2007

प्रेसीडेंट, नॉदर्न जॉन इंश्योरेस एम्पलाईज एसोसिएशन द्वारा जीवन बीमा निगम इंडिया, डिवीजनल ऑफिस, पो॰ बॉक्स नं॰ 2, अजमेर

—प्रार्थी

बनाम

एलआईसी ऑफ इंडिया, दी सीनियर डिवीजनल मैनेजर, एलआईसी ऑफ इंडिया, डिवीजनल ऑफिस, जीवन प्रकाश, रानाडे मार्ग पीबी-2, अजमेर

—अप्रार्थी

उपस्थिति

प्रार्थी की ओर से : श्री शोभित पंत, अधिवक्ता।

अप्रार्थी की ओर से : श्री कृष्णावतार, अधिवक्ता।

दिनांक 14-09-2011

अवार्ड

1. श्रम विभाग, केंद्र सरकार द्वारा इस न्यायालय के अधिनिर्णयार्थ निम्न रेफरेंस प्रेषित किया गया है:—

"Whether the action of the management of LIC of India in denying regularisation of services and payment of regular wages to Shri Anil Mahendru, Compotmist, of their Divisional Office at Ajmer is just and legal, if not what relief is concerned workmen entitled to?"

2. नोटिस के उपरांत उभयपक्ष उपस्थित आये। स्टेटमेंट ऑफ क्लेम में प्रार्थी ने यह कहा है कि भारतीय जीवन बीमा निगम ने कंपटोमीटर ऑपरेटर निश्चित वेतनमान के साथ पूर्णकालिक नियमित कैडर है तथा निगम के कर्मचारियों के तृतीय संवर्ग से संबंधित है। निगम के अजमेर मंडल कार्यालय के लेखा विभाग में कंपटोमीटर ऑपरेटर के नियमित पद पर प्रार्थी को दिनांक 6-6-84 को अस्थाई तौर पर नियुक्त किया गया, तब से आज तक प्रार्थी बगैर किसी नियुक्ति पत्र के अबाध तौर पर निगम की सेवा में कार्यरत है। श्रमिक को 36/- रुपये प्रतिदिन की दर पर तथा शनिवार को 18/- रुपये की दर से वेतन दिण जाता रहा है। वेतन का भुगतान मासिक तौर पर किया जाता है। अस्थाई/बदली एवं अंशकालीन कर्मचारियों को निगम की सेवाओं में नियमित कराने के तथा उनकी अन्य सेवा शर्तों को निर्धारित करने संबंधी तत्कालीन औद्योगिक विवाद के हल हेतु भारत सरकार के श्रम मंत्रालय ने एक राष्ट्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण का गठन कर विवाद को न्याय निर्णयन हेतु संप्रेषित किया। उक्त पंचाट भारत सरकार के राजपत्र में 7-6-86 को प्रकाशित किया गया। यह पंचाट दिनांक 17-4-86 का है। प्रार्थी इस पंचाट के अनुसार निगम की सेवाओं में नियमित किये जाने हेतु सभी प्रकार की वांछित शर्तों की पूर्ति करता था। निगम के मंडल कार्यालय ने अपने पत्र दिनांक 9-10-86 के द्वारा प्रार्थी संगठन को सूचित किया कि श्री अनिल महेन्द्रू निगम की सेवा में नियमित होने की अधिकारी नहीं है। आवेदन को इस आधार पर नामंजूर किया कि प्रार्थी कांट्रेक्ट के आधार पर कार्य कर रहा है। प्रार्थी संघ ने 16-10-86 को पुनर्विचार हेतु प्रबंधन से आग्रह किया। मंडल कार्यालय ने पत्र दिनांक 29-10-86 के द्वारा सूचित किया कि परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार गठित स्क्रीनिंग कमेटी का निर्णय भी यही है कि प्राथी संविदा के आधार पर कार्य कर रहा है, यह सेवा में नियमित होने का अधिकारी नहीं है। चूंकि निगम द्वारा पंचाट के क्रियान्वयन हेतु 18 9 86 के परिपत्र एवं दिशा-निर्देशों में उल्लिखित अनेक प्रावधान पंचाट के प्रावधानों के अनुरूप नही थे, अतः भारत सरकार के श्रम मंत्रालय ने पंचाट के प्रावधानों की विधि-सम्मत् व्याख्या के लिए एक राष्ट्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण गठित कर उक्त विवाद को संप्रेषित किया। जस्टिस एम॰एस॰ जामदार की अध्यक्षता में गठित उक्त न्यायाधिकरण ने अपना पंचाट दिनांक 26-8-88 को दिया जिनका गजट में प्रकाशन 1-10-88 को हुआ। इसके अतिरिक्त निगम के केंद्रीय कार्यालय ने 25-2-87 को एक परिपत्र जारी किया परंतु उन प्रावधानों को प्राथी पर लागू नहीं किया गया। जब समस्त विवाद माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन था, अखिल भारतीय स्तर पर निगम और उसके श्रमिक संगठनों के मध्य टर्म्स ऑफ कांप्रोमाइज के आधार पर सहमति बनी जिसे माननीय उच्चतम न्यायालय का भी अनुमोदन 1 3 89 को प्राप्त हुआ, जिसके तहत निगम ने अनुमोदन की प्रक्रिया को पुनः शुरू करने हेतु एक परिपत्र 14 3 89 को जारी किया जिसके अनुसार प्रार्थी नियमन के लिए हकदार था। प्रार्थी ने पुनः आवेदन किया परंतु प्रार्थी को नियमित नहीं किया गया। सभी प्रयासों में निष्फल होने के बाद प्रार्थी संगठन ने सहायक क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के समक्ष इस विवाद को उठाया जो अंत में केंद्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर को प्रेषित किया गया। चूंकि न्यायाधिकरण के लिए संप्रेषित विवाद वर्णन में प्रार्थी की निगम सेवा में अनुमोदन से जुड़ा अहम मुद्दा सम्मिलित नहीं किया गया था। प्रार्थी ने श्रम मंत्रालय को आवेदन किया कि उनके द्वारा प्रेषित विवाद में समुचित परिवर्तन करने की कृपा करें। इस पत्र के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, ऐसी परिस्थितियों मे प्रार्थी श्रम संगठन ने केंद्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण के समक्ष प्रेषित विवाद से संबंधित कोई कार्यवाही नहीं की और इस प्रकार "नो डिस्प्यूट अवार्ड दे दिया गया। इन परिस्थितियों में प्रार्थी ने माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर के समक्ष एक रिट याचिका दायर की। निगम की ओर से इस याचिका का इस आधार पर विरोध किया गया कि याचिका में अनेक तथ्य ऐसे हैं जो विवादित हैं। अतः याचिका सुनने योग्य नहीं है। प्रार्थी चाहे तो अन्य वैकल्पिक उपचार उपयोग में ले सकता है। इन परिस्थितियों में प्रार्थी श्रम संगठन ने नियमन से जुड़े विवाद को उठाया तथा यह विवाद न्यायालय को संप्रेषित हुआ। प्रार्थी निगम की सेवाओं में नियमित होने का अधिकारी है। निगम ने यह स्पष्ट स्वीकारोक्ति की है कि श्रमिक श्री अनिल उनके द्वारा वेतन पा रहा है। उसके बावजूद भी वह उसे अपना कर्मचारी नहीं मानते हैं। प्रार्थी दिनांक 6-6-84 से नियमित पद में हुई रिक्ति पर अस्थाई तौर पर कार्य कर रहा है और कार्यालय के अनुशासन एवं पर्यवेक्षण के सर्वथा हीं अधीन रहा है। अतः प्रार्थना की कि प्रार्थी को अप्रार्थी नियोजक की सेवा में 7 1 87 से कंपटोमीटर ऑपरेटर के पद पर नियमित कर्मचारी के पद पर माना जावे तथा उक्त तिथि से नियमित कर्मचारी को उपलब्ध समस्त वेतन व अन्य लाभ परिलाभ के योग्य घोषित किया जावे। साथ ही यह अवार्ड भी पारित करे कि प्रार्थी को उसके द्वारा किये गये सेवाकाल का लाभ उसे पेंशन, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि व पदोन्नति भी मिले।

3. अप्रार्थी की ओर से जवाब में प्रारंभिक आपत्ति यह उठायी गयी है कि उक्त रेफरेंस के पूर्व प्रार्थी द्वारा उन्हीं तथ्यों को लेकर समझौता अधिकारी के माध्यम से रेफरेंस केंद्र सरकार के जरिये उन्हीं तथ्यों पर आधारित भिजवाया गया था जिसका निर्णय सक्षम केंद्रीय श्रम न्यायालय द्वारा दिनांक 16 7 91 को "नो डिस्प्यूट अवार्ड के रूप में दिया गया जो अंतिम हो गया। इसी प्रकरण एवं तथ्यों के संबंध में प्रार्थी द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में

एक रिट याचिका 5291/90 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 22 10 .99 को निरस्त हुई जिसकी अपील माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गयी, जिसका निस्तारण 14-5-2002 को हुआ जिस निर्णय में भी माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने यह पूर्णतया प्रतिपादित किया कि नो डिस्प्यूट अवार्ड अंतिम रूप से पारित निर्णय है। पूर्व के तथ्यों को छिपाते हुए यह पुन: रेफरेंस करवाया गया है, जो चलने योग्य नहीं है। प्रार्थी यूनियन का सदस्य विधि अनुसार नहीं बन सकता है। प्रार्थी व निगम के मध्य मास्टर व सर्वेन्ट के संबंध कभी नहीं रहे। प्रार्थी अस्थायी/बदली एवं अंशकालीन कर्मचारी की परिभाषा में नहीं आता है तथा पंचाट प्रार्थी पर लागू नहीं होता है। प्रार्थी संविदा पर होने के कारण उक्त परिपत्र के प्रावधान उस पर लागू नहीं होते हैं। नो डिस्प्यूट अवार्ड श्रम न्यायालय द्वारा दिया गया, वह अंतिम हो गया जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी अंतिम होना माना गया है। अत: प्रार्थी अब कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। यह गलत है कि प्रार्थी कार्यालय के अनुशासन एवं पर्यवेक्षण में रहा हो। अत: निवेदन किया कि प्रार्थी का उक्त रेफरेंस नो डिस्प्यूट अवार्ड के रूप में निरस्त करने का आदेश प्रदान किया जावे।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य में गवाह ए डब० 1 अनिल, ए डब० 2 दुर्गालाल, ए० डब० 3 भगवान के बयान करवाये गये। 3 प्राथी की ओर से गवाह एन ए डब० 1 संजय श्रीवास्तव के बयान करवाये गये। उभयपक्ष की ओर से लिखित बहस भी प्रस्तुत हुई है। प्रार्थी की ओर से निम्नलिखित न्यायिक दृष्टांत प्रस्तुत किये गये:—

1 — 2001 लैब आई सी 3197,

2 — 2009 लैब आई सी 2532,

3 — 2005 (3) सी डी आर 2488,

4 1957 एल एल जे एस सी 477,

5 — 1997 एल एल जे (1) 207,

6 — 1989 आर एल डब्ल्यू (2) 336,

7 — 1981 एल एल जे (1) 382,

8 — ए आई आर 1958 एस सी 353,

9 — ए आई आर 1995 एस सी 1617,

10 — 2005 (4) आर एल डब्ल्यू 3090

जबकि अप्रार्थी की ओर से निम्नलिखित न्यायिक दृष्टांत प्रस्तुत किये गये:—

1 — ए आई आर 1998 एस सी 336,

2 — 1994 एस सी 1638,

3 — 2010 डी एन जे एस सी 376,

4 2003 एस एस सी सिविल अपील नं 1262/63 जिनका सम्मान् अवलोकन किया गया।

5. इस प्रकरण में अप्रार्थी की ओर से अपने जवाब में प्रारंभिक आपत्ति उठायी गयी है कि इस रेफरेंस के पूर्व प्रार्थी द्वारा इन्हीं तथ्यों को लेकर समझौता अधिकारी के माध यम से रेफरेंस केंद्र सरकार के जरिये इन्हीं तथ्यों पर आध ारित भिजवाया गया था जिसका निर्णय सक्षम केंद्र श्रम न्यायालय द्वारा 16-7-91 को नो डिस्प्यूट अवार्ड के रूप में दिया गया जो अंतिम हो गया। इन्हीं तथ्यों के संबंध ा में प्रार्थी द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका 5291/90 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 22-10-99 को निरस्त हुई जिसकी अपील माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गयी जिसका निस्तारण 14-5-02 को हुआ। उक्त तथ्यों के संबंध में पूर्व में पारित नो डिस्प्यूट अवार्ड के पश्चात् उन्हीं तथ्यों पर आधारित पुन: रेफरेंस करवाया गया है जो क्लेम चलने योग्य नहीं है। इसके अलावा यह भी प्रारंभिक आपत्ति उठायी गयी कि प्रार्थी यूनियन का सदस्य विधि अनुसार नहीं बन सकता। अत: उक्त ट्रेड यूनियन को प्रार्थी की ओर से उक्त कार्यवाही करने का विधिक अधिकार नहीं है। इस प्रकरण में दिनांक 8-2-08 की आदेशिका के अनुसार यह तय किया गया था कि प्रकरण के अंतिम निस्तारण के समय इस प्रारंभिक आपत्ति पर विवेचन कर निस्तारण करना न्यायोचित होगा। अत: अप्रार्थी द्वारा उठायी गयी प्रारंभिक आपत्ति का सर्वप्रथम विनिश्चय किया जाना है।

6. उभयपक्ष की ओर से जो साक्ष्य हुई है उसमें इन तथ्यों को विवादित नहीं किया गया है कि दिनांक 16-7-91 को पूर्व में जो रेफरेंस हुआ था उसका निर्णय नो डिस्प्यूट अवार्ड के रूप में दिया गया। प्रार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका प्रस्तुत की गयी। माननीय एकल पीठ द्वारा उक्त रिट याचिका का निर्णय दिनांक 22-10-99 को किया गया तथा खंड पीठ में प्रस्तुत अपील का निर्णय दिनांक 14-5-02 को हुआ। माननीय एकल पीठ का निर्णय प्रदर्श डब 20 है तथा अपील का निर्णय प्रदर्श डब 21 है। अप्रार्थी की आपत्ति है कि पूर्व में औद्योगिक न्यायधिकरण द्वारा नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया था तथा उन्हीं तथ्यों पर माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका व अपील प्रार्थी के विरूद्ध तय हुई थी। अत: उन्हीं तथ्यों पर पुन: यह रेफरेंस मेंटेनेबल नहीं है। इसके विपरीत प्रार्थी का यह कथन है कि पूर्व में जो रेफरेंस था उससे भिन्न यह रेफरेंस है तथा यह भी कहा गया है कि पूर्व में औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा प्रकरण का गुणावगुण पर निर्णय नहीं हुआ था, बल्कि पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया था। अत: पुन: रेफरेंस विधि द्वारा बाधित नहीं है तथा श्रम न्यायालय रेफरेंस को वैधानिकता को तय करने का अधिकार क्षेत्र नहीं रखता है। श्रम न्यायालय द्वारा प्रेषित रेफरेंस का विधि-अनुसार निर्णय किया जाना है। रेफरेंस की वैधानिकता का बिंदु श्रम

न्यायालय के क्षेत्राधिकार में नहीं है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि नो डिस्प्यूट अवार्ड विधिक रूप से कोई अवार्ड नहीं है तथा यह औद्योगिक विवाद के वास्तविक अधिनिर्णय की श्रेणी में नहीं आता है। इस संबंध में न्यायिक दृष्टांत 2001 लैब आई सी 3197 तथा 2005 (3) सी डी आर 2488 राजस्थान डी बी प्रस्तुत किये गये।

7. यह विवादित नहीं है कि पूर्व में जो रेफरेंस केंद्र सरकार द्वारा सक्षम औद्योगिक न्यायाधिकरण को प्रेषित किया गया था उसमें प्रार्थी की अनुपस्थिति के कारण नो डिस्प्यूट अवार्ड दिनांक 16-7-91 को पारित किया गया। प्रार्थी ने उक्त रेफरेंस के लंबित होने के दौरान माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका भी प्रस्तुत की जिसका निर्णय दिनांक 22-1-99 को हुआ तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह आदेश पारित किया गया:- "Accordingly, I find no merit in the writ petitions and the same are dismissed. However, the petitioners shall be free to take any other appropriate remedy in accordance with law, if they so choose."

8. इस निर्णय के विरूद्ध प्रार्थी द्वारा खंड पीठ में अपील दायर की गयी जिसका निर्णय प्रदर्श डब-21 के द्वारा हुआ तथा निर्णय अनुसार यह माना गया कि:- "The learned single Judge is perfectly correct in his approach in not entertaining the writ petition as the appellant has efficacious alternative remedy in the matter."

9. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के उक्त निर्णयों के अनुसार प्रार्थी की रिट याचिका इन आधारों पर खारिज की गयी थी, कि प्रार्थी को वैकल्पिक प्रभावी उपचार उपलब्ध था तथा प्रार्थी का विवाद औद्योगिक न्यायाधिकरण को रेफर किया गया था जहां से नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित हुआ। प्रार्थी ने उक्त नो डिस्प्यूट अवार्ड को रिकॉल करने या पुर्नविलोकन के लिए प्रार्थना नहीं की और न ही इसे माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी। अतः उक्त नो डिस्प्यूट अवार्ड जो प्रथम रेफरेंस के संबंध में पारित हुआ था वह अंतिम हो गया तथा रिट याचिका में प्रार्थी को कोई अनुतोष प्रदान नहीं किया गया क्योंकि प्रार्थी के पास प्रभावी वैकल्पिक उपचार मौजूद होने के आधार पर रिट याचिका को मेंटेनेबल माननीय उच्च न्यायालय ने नहीं माना। तत्पश्चात् केन्द्र सरकार द्वारा यह द्वितीय रेफरेंस दिनांक 1-2-07 को न्यायालय के अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया गया है। यह सही है कि पूर्व में प्रथम रेफरेंस पर न्यायालय द्वारा नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया था तथा प्रार्थी को वैकल्पिक प्रभावी उपचार उपलब्ध होने के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रार्थी की रिट याचिका व अपील खारिज की गयी, परंतु प्रथम रेफरेंस के पश्चात् सक्षम सरकार द्वारा द्वितीय रेफरेंस प्रेषित किया गया है। प्रथम रेफरेंस गुणावगुण पर निर्णीत नहीं हुआ तथा नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतों में यह कहा गया है कि नो डिस्प्यूट अवार्ड विधि के अंतर्गत कोई अवार्ड नहीं है क्योंकि यह गुणावगुण पर पारित नहीं हुआ है। इसी प्रकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय 2005 (3) सी डी आर 2488 राज डी-बी- में भी यह अभिनिर्धारित किया गया है कि न्यायालय को रेफरेंस का उत्तर गुणावगुण पर देना चाहिये तथा न्यायाधिकरण नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित नहीं कर सकता। उक्त न्यायिक दृष्टांत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय वीरेंद्र भंडारी/आर एस आर टी सी वगै जे टी 2002 (5) एस सी 21 का हवाला दिया गया है तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त निर्णय में यह विधिक सिद्धांत प्रतिपादित किया है कि यदि किसी औद्योगिक विवाद का निर्णय गुणावगुण पर नहीं है तो यह नहीं कहा जा सकता कि औद्योगिक विवाद विद्यमान ही नहीं है तथा निम्नलिखित प्रकार से अभिनिर्धारित किया गया है:- "What is to be borne in mind in proceedings of this nature is that the industrial disputes are referred to the Labour Court or the Industrial Tribunal for maintenance of industrial peace and not merely for adjudication of the dispute between two private parties."

10. इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त न्यायिक दृष्टांत वीरेंद्र भंडारी/आरएसआरटीसी वगै में यह विधिक सिद्धांत भी प्रतिपादित किया है कि यदि श्रमिक की अनुपस्थिति के कारण किसी रेफरेंस का गुणावगुण पर निर्णय नहीं होता है तो औद्योगिक विवाद समाप्त नहीं होता तथा ऐसे मामलों में द्वितीय रेफरेंस विधिक रूप से मान्य है:- "Industrial Disputes Act, 1947"-Ss.20(d) and 12(5) Second reference-Validity. Where consequent to non-appearance of the workman the reference was not adjudicated on merits, held the dispute dis not cease to exist-Hence, second reference of such dispute, held is permissible-Object of referring of disputes taken into consideration to reach this conclusion."

11. अतः उक्त न्यायिक दृष्टांत के अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि यदि पूर्व के रेफरेंस का निर्णय गुणावगुण पर नहीं हुआ हो तो ऐसे मामलें में सक्षम सरकार द्वितीय रेफरेंस प्रेषित कर सकती है। पूर्व में जो अवार्ड प्रथम रेफरेंस के संबंध में पारित हुआ था वह नो डिस्प्यूट अवार्ड था। अतः गुणावगुण पर आधारित नहीं होने के कारण द्वितीय रेफरेंस माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित उपरोक्त विधिक सिद्धांतों के प्रकाश में मेंटेनेबल है। इसके अलावा जो रिट याचिका प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत की गयी तथा जो खारिज की गयी वह इस आधार पर खारिज की गयी है कि प्रार्थी के पास वैकल्पिक प्रभावी उपचार है। अतः रिट याचिका में प्रार्थी को उक्त अनुतोष नहीं दिया जा सकता तथा दि 22-10-99 के निर्णय में प्रार्थी को यह भी स्वतंत्रता दी गयी कि वह विधि अनुसार अन्य उपचार प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र है।

इसके अलावा इस प्रकरण में जो वाद कारण है, वह

लगातार है। प्रार्थी द्वारा कहा गया है कि वह दिनांक 6-6-84 से अप्रार्थी संस्था में आज तक कार्यरत है तथा उसे सभी शर्तों के पूर्ण करने के उपरांत भी सेवा में नियमितिकरण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। अत: वाद कारण लगातार होने के कारण भी द्वितीय रेफरेंस मेंटेनेबल है क्योंकि पूर्व का निर्णय गुणावगुण पर आधारित नहीं था बल्कि पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण पारित किया गया तथा रिट याचिका में प्रार्थी को वैकल्पिक उपचार उपलब्ध होने के आधार पर अनुतोष नहीं दिये जाने योग्य माना गया है। प्रार्थी द्वारा प्रथम रेफरेंस के संबंध में हुए अवार्ड को इस मामले में चुनौती नहीं दी गयी है बल्कि जो द्वितीय रेफरेंस सक्षम सरकार द्वारा प्रेषित किया गया है उसका अधिनिर्णय किया जाना है। विधि का यह भी स्थापित सिद्धांत है कि श्रम न्यायालय को यह तय करने का अधिकार नहीं है कि रेफरेंस विधिक है अथवा नहीं? रेफरेंस की वैधता को चुनौती श्रम न्यायालय में नहीं दी जा सकती। प्रार्थी द्वारा प्रथम रेफरेंस में हुए अवार्ड को जो अंतिम हो गया था, चुनौती नहीं दी गयी है तथा द्वितीय रेफरेंस की वैधानिकता इस न्यायालय द्वारा तय किया जाना विधि-सम्मत् नहीं है एवं द्वितीय रेफरेंस को माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गयी हो, यह भी प्रकट नहीं होता है।

13. अत: उपरोक्त विवेचन के अनुसार इस संबंध में प्रार्थी द्वारा उठायी गयी प्रारंभिक आपत्ति स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।

14. प्रार्थी द्वारा एक प्रारंभिक आपत्ति यह भी उठायी गयी है कि प्रार्थी निगम का नियमित कर्मचारी नहीं रहा। अत: वह यूनियन का सदस्य विधि-अनुसार नहीं बन सकता। अत: ट्रेड यूनियन को प्रार्थी अनिल की ओर से उक्त कार्यवाही करने का विधिक अधिकार नहीं है। इस संबंध में प्रार्थी की ओर से यह कहा गया है कि जो रेफरेंस न्यायालय को प्रेषित किया गया है, उसमें श्रम संगठन को स्पष्ट तौर पर पक्षकार बनाया गया है । धारा 36 के अंतर्गत यह आवश्यक नहीं है कि श्रमिक का प्रतिनिधत्व जिस यूनियन द्वारा किया जा रहा हो, वह उसका सदस्य हो बल्कि यह प्रर्याप्त है कि जो श्रम संगठन हो, वह उस उद्योग से संबंधित हो जिसमें श्रमिक नियोजित है। अत: उक्त आपत्ति के संबंध में भी ऐसा कोई आधार प्रस्तुत नही किया गया है, जिसके अनुसार यह माना जा सके कि प्रार्थी का क्लेम विधिक रूप से चलने योग्य नहीं हो। अत: प्रार्थी की उक्त प्रारंभिक आपत्ति भी स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।

प्रार्थी का यह कथन है कि वह दिनांक 6 6 84 को निगम में अस्थाई तौर पर कपटोमीटर ऑपरेटर के नियमित पद पर रखा गया था, उसे नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया परंतु वह उस पद पर निंरतर आज तक निगम की सेवा में कार्यरत है तथा उसके द्वारा अन्य कर्मचारियों की भांति उतना ही समय कार्य किया जा रहा है। परंतु भगुतान उसे सोमवार से शुक्रवार 36/- रूपये प्रतिदिन तथा शनिवार को 18/- रूपये की दर से वेतन दिया जा रहा है। यह भुगतान मासिक तौर पर किया जाता है। प्रार्थी का यह कथन है कि न्यायमूर्ति श्री आर० डी० तुलपुले की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय न्यायाधिकरण के अवार्ड तथा न्यायमूर्ति श्री एम० एस० जामदार की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण के अवार्ड के अंतर्गत उसके द्वारा सभी वांछित शर्तें पूरी किये जाने के बावजूद भी तथा अनेक प्रतिवेदन देने के बाद भी उसे निगम की सेवा में नियमित नहीं किया गया तथा नियमित वेतन भत्ते भी प्रदान नहीं किये गये। प्रार्थी ने यह भी कहा कि निगम ने उसे सेवा में नियमितिकरण का लाभ इस कारण से नहीं दिया कि वह संविदा कर्मी है, परंतु वह संविदा पर कार्यरत नहीं है। बल्कि निगम द्वारा वेतन पा रहा है एवं निगम की सेवा में वर्ष 1984 से कार्यरत है।

16. अप्रार्थी की ओर से यह कहा गया है कि प्रार्थी संविदा ठेकदार होने के कारण उक्त पंचाट व परिपत्रों के प्रावधान उस पर लागू नहीं होते है। प्रार्थी अस्थायी/बदली/अंशकालीन कर्मचारी के रूप में कार्यरत नहीं था बल्कि संविदा पर कार्यरत था। अत: प्रार्थी को नियमानुसार सेवा में नियमितिकरण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

17. इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत हुई है। प्रार्थी ने अपने बयानों में यह कहा है कि मुझे कोई नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया। छुट्टी रविवार व अन्य अवकाश का भुगतान नहीं होता था। मुझे अस्थायी तौर पर रखा गया था। यह कहना गलत है कि मुझे ठेके पर कार्य दिया गया हो। गवाह ए०डब० 2 ने यह कहा है कि यह सही है कि जो भी अस्थायी कर्मचारी रखे गये उन्हें पद के अनुरूप वेतन श्रृंखला दी जाती थी। स्वत: कहा कि कंसोलिडेट के रूप में दी जाती थी। गवाह ए डब० 3 ने कहा है कि प्रार्थी को मौखिक आदेश पर रखा गया था। नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया। यह सही है कि उसे रविवार अथवा अवकाश के दिन का भुगतान नहीं होता था। गवाह एन ए डब० 1 ने कहा है कि वर्ष 1984 में प्रार्थी को संविदा के आधार पर कार्य पर रखा गया था। यह कार्य लेखा विभाग में करता था। प्रार्थी को प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार छ: घंटे व शनिवार तीन घंटे कार्य करना होता था तथा छ: रूपये प्रति घंटे के हिसाब से थे जो प्रार्थी के निवेदन पर मासिक रूप से उसे अदा की जाती थी। जिरह में कहा है कि मैने संविदा पत्र नहीं देखा। संविदा पत्र पत्रावली में मौजूद नहीं है। यह कहना गलत है कि एल आई सी में रूल्स में कंपटोमीटर ऑपरेटर का कोई पद हो।

18. जो दस्तावेज पत्रावली पर प्रस्तुत हुए है उसमें दि० 17-4-86 का दस्तावेज प्रदर्श डब० 2 महत्वपूर्ण है। इस पत्र में प्रार्थी को अस्थायी तौर पर नियुक्त किया जाना वर्णित किया गया है। इसी प्रकार दि० 19-4-86 के पत्र प्रदर्श डब० 3 में भी प्रार्थी को अस्थायी कंपटोमिस्ट दर्शाया गया है। यह दस्तावेज स्वयं अप्रार्थी निगम के द्वारा जारी किये गये हैं। प्रदर्श डब० 14 सीनियर डिवीजनल मैनेजर अजमेर द्वारा दि० 6-4-86 को जोनल मैनेजर एल आई सी नयी दिल्ली को लिखे गये पत्र की प्रति है जिसमें स्वयं यह माना गया है कि प्रार्थी को नियुक्ति पत्र के अभाव में यह माने जाने का कोई आधार नहीं है कि उसे संविदा

पर नियुक्त किया गया हो अथवा किसी एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किया गया हो, अतः प्रार्थी पंचाट में वर्णित किसी भी अपवादों में नहीं आता है तथा यह माना गया कि प्रार्थी का क्लेम अनावश्यक रूप से पूर्व में खारिज किया गया है तथा प्रार्थी के पक्ष में इस पत्र के जरिये अनुशंसा भी की गयी। यह दस्तावेज भी स्वयं अप्रार्थी निगम का बताया गया है जिसे अप्रार्थी द्वारा इंकार नहीं किया गया है। प्रदर्श डब० 18 निगम के सीनियर डिवीजनल मैनेजर द्वारा नयी दिल्ली कार्यालय को लिखा गया पत्र है, जो दिनांक 11-4-96 का है, उक्त पत्र में भी यह माना गया है कि प्रार्थी अनिल निगम का अस्थायी कर्मचारी है। प्रदर्श डब० 19 भी निगम के सीनियर डिवीजनल मैनेजर द्वारा लिखा गया पत्र है जिसमें यह स्वीकारोक्ति है कि प्रार्थी द्वारा कंपोटिस्ट के रूप में पूरे कार्यालय समय में कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार उक्त दस्तावेजों में स्वयं निगम द्वारा यह माना गया है कि प्रार्थी अस्थायी कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा था तथा उसको विभिन्न दस्तावेजों में अस्थायी कर्मचारी के रूप में दर्शाया गया है। अतः अब अप्रार्थी का यह कथन कि वह निगम का अस्थायी कर्मचारी नही था बल्कि संविदा पर कार्य कर रहा था, माने जाने योग्य नहीं है। जो साक्ष्य पत्रावली पर प्रस्तुत हुई है, उसके प्रार्थी की नियुक्ति किसी एजेंसी के मार्फत् नहीं हुई है बल्कि प्रार्थी को ही इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया है तथा निगम द्वारा भुगतान भी सीधे प्रार्थी को ही मासिक तौर पर किया जाता रहा है। दिनांक 14-3-89 के परिपत्र प्रदर्श डब० 11 में सेल्फ कांट्रैक्टर तथा कांट्रैक्टर द्वारा लगाये गये श्रमिकों को अपवाद की श्रेणी में रखा गया है जिन पर यह पंचाट लागू नहीं होता है परंतु पत्रावली पर निगम द्वारा ऐसी कोई मौखिक अथवा दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की गयी है, जिसके आधार पर यह माना जा सके कि प्रार्थी की नियुक्ति किसी ठेकेदार द्वारा की गयी हो तथा भुगतान ठेकेदार को किया जाता हो अथवा प्रार्थी सेल्फ कांट्रैक्टर हो। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत 1957 एल एल जे एस सी पेज 447 में प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुसार भी यदि किसी श्रमिक द्वारा किया कार्य किया जाना है और कैसे किया जाना है, यह उसके नियोजक द्वारा तय किया जाता हो तो ऐसी स्थिति में यही माना जावेगा कि वह श्रमिक नियोजक का कर्मचारी है:-"There is a distinction between a contract for service and a contract of service. In the first case the master can order or require what is to be done while in the second case he can not only order or require what is to be done but how it shall be done." अप्रार्थी का यह भी प्रकरण नहीं है कि प्रार्थी को किसी प्रोजेक्ट विशेष के लिए निश्चित अवधि व निश्चित कार्य के लिए रखा गया हो। यह निर्विवादित है कि प्रार्थी 6-6-84 से लगातार निगम की सेवा में है। अतः करीब 26 वर्ष से अधिक समय से जब प्रार्थी लगातार निगम में कार्यरत है तो किसी विशेष कार्य के लिए सीमित अवधि के लिए रखा जाना भी साबित नहीं होता है। अप्रार्थी गवाह ने अपनी साक्ष्य में यह कहा है कि एल आई सी के रूल्स में कंपटोमीटर ऑपरेटर का पद नहीं है परंतु एल आई सी के स्टाफ रेग्यूलेशंस रूल्स 1960 तथा संशोधित नियम 1996 आदि प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत किये गये हैं जिनमें कंपटोमिस्ट ऑपरेटर का पद व निर्धारित वेतन श्रृंखला दर्शायी गयी है।

19. इस प्रकरण में जो साक्ष्य है, उसके आधार पर यही प्रकट होता है कि प्रार्थी द्वारा क्या कार्य किया जाना था और कैसे किया जाना था यह निगम द्वारा ही निर्धारित किया जाता था। अतः उपरोक्त मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य तथा स्वयं अप्रार्थी के कार्यालय द्वारा जारी दस्तावेजों के आधार पर यह साबित होता है कि प्रार्थी अप्रार्थी संस्था में अस्थायी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था तथा वह संविदा श्रमिक नहीं था एवं पंचाट के अंतर्गत सेवा में नियमितिकरण की आवश्यक शर्तें पूरी करता था। अतः उसका नियमितिकरण तथा उसे नियमित वेतन कंपोटिस्ट पद नहीं दिया जाना उचित और वैद्य नहीं है।

20. जहां तक प्रार्थी को प्रदान किये जाने वाले अनुतोष का प्रश्न है पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी द्वारा जो प्रथम रेफरेंस किया गया था, वह नो डिस्प्यूट अवार्ड के रूप मे निर्णीत हुआ तत्पश्चात् प्रार्थी द्वारा रिट याचिका भी माननीय उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गयी जो इस आधार पर खारिज हुई कि प्रार्थी के पास प्रभावी वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है एवं तत्पश्चात् द्वितीय रेफरेंस केंद्र सरकार द्वारा 1-2-07 को न्यायालय के अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया गया जिसका निर्णय अब किया जा रहा है। अतः प्रकरण के उपरोक्त समस्त तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी कंपटोमीटर के पद पर सेवा में नियमितिकरण व इस पद के नियमित वेतन का द्वितीय रेफरेंस की दिनांक 1-2-07 से पाने का अधिकारी माना जाता है अतः अवार्ड निम्न प्रकार से पारित किया जाना न्यायसंगत है।

आदेश-अवार्ड

फलतः केंद्र सरकार द्वारा प्रेषित विवाद का उत्तर इस प्रकार से दिया जाता है कि प्रबंधन एल आई सी ऑफ इंडिया डिवीजनल ऑफिस अजमेर द्वारा श्री अनिल महेंद्रू कंपटोमिस्ट को सेवा में नियमितिकरण नहीं किया जाना एवं नियमित वेतन नहीं दिया जाना अनुचित एवं अवैध है। अतः प्रार्थी श्री अनिल महेंद्रू द्वितीय रेफरेंस की दिनांक 1-2-2007 से कंपटोमिस्ट के पद पर नियमित नियुक्ति पाने एवं उक्त पद का नियमित वेतन पाने का अधिकारी है। अप्रार्थी उक्त अवार्ड की पालना दो माह में पूर्ण करे।

निर्णय/अवार्ड लिखाया जाकर आज दिनांक 14-9-2011 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया। अवार्ड की प्रति नियमानुसार केंद्र सरकार को गजट में प्रकाशनार्थ तुरंत प्रेषित की जावे।

मनोज कुमार व्यास, न्यायाधीश

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.